Shree Ram Sharnam,
International Spiritual Centre
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

दाता राम दिये ही जाता

दाता राम दिये ही जाता,
भिक्षुक मन पर नहीं अघाता ।
दाता राम . . .

देने की सीमा नहीं उनकी, बुझती नहीं प्यास मेरे मन की,
उतनी ही बढ़ती है तृष्णा, जितना अमृत राम पिलाता ॥
दाता राम . . .

कहो उऋण कैसे हो पाऊँ, किस मुद्रा में मोल चुकाऊँ,
केवल तेरी महिमा गाऊँ, और मुझे कुछ भी ना आता ॥
दाता राम . . .

जब-जब तेरी महिमा गाता, जाने क्या मुझको हो जाता,
रूंधता कण्ठ, नयन भर आते, बरबस मैं गुम सुम हो जाता ॥
दाता राम . . .

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram